हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

11 अनुपस्थितों पर कार्रवाई के निर्देश सुअर पालकों पर ...



12 इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग शॉर्ट गन चैंपियनशिप ...





## खबर संक्षेप

### अवकाश में खुलेंगे बिल भुगतान के लिए केंद्र

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत 07 अक्टूबर (महर्षि वाल्मीकी जयंती), 21 अक्टूबर (गोवर्धन पूजा), समस्त शनिवार (04, 11, 18 एवं 25 अक्टूबर) तथा समस्त रविवार (05, 12, 19 एवं 26 अक्टूबर)को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस मशीन से कैश के जरिए बिल भुगतान तथा ऑनलाइन भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्य क्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है।

### श्रम विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**सीहोर।** श्रम विभाग ने समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के पालन के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि समस्त कारखानों, वाणिज्यिक, शासकीय संस्थानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान कार्य पर समान वेतन देना अनिवार्य है। विभाग ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया में भी किसी प्रकार का लैंगिक भेदभाव ना किया जाए। इन नियमों का उल्लंघन होने की स्थिति में संबंधित कर्मचारी या श्रमिक द्वारा जिला श्रम कार्यालय, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### समय सीमा में पंजीयन कराने की अपील

**सीहोर।** सरकार किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम दिलाने के उद्देश्य से भावांतर योजना लागू की गई है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि भावांतर योजना के अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 03 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक सोयाबीन का पंजीयन किया जा रहा है। इसके साथ ही फसल विक्रय के लिए भावांतर अवधि 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

### चंद कमरों में चल रहे निजी स्कूल, दुकान और मकानों में ही कर रहे संचालन

# प्राईवेट स्कूलों में खेल मैदान तक नहीं हैं फिर भी पालकों से वसूल रहे मोटी फीस

**पीएसजीएम एकेडमी कन्नौद मिर्जी**





तंग कमरों के बीच सुविधा के अभाव में पढ़ाई करते हुए बच्चे...यह नजारा कन्नौद मिर्जी के पीएसजीएम एकेडमी कन्नौद मिर्जी में देखा जा सकता है। नियमों को ताक में रखकर चलते इस स्कूल में सुविधा नजर नहीं आएगी, फिर भी इस स्कूल को कैसे मान्यता मिली यह समझ से परे है। स्कूली बच्चों से शिक्षा के नाम पर इस स्कूल में फीस वसूली जा रही है, फिर भी यह शिक्षा विभाग के मापदंड पर खरा नहीं उतर रहा है।

**पीएसजीएम मिडिल स्कूल बापचा बरामद**




बापचा बरामद के पीएसजीएम मिडिल स्कूल जिस भवन में चल रहा उसमें प्लास्टर तक नहीं है। खेल मैदान सहित अन्य सुविधा दूर-दूर तक नजर नहीं आएगी। इससे ऐसा लगता है कि संचालक को सिर्फ पैसे कमाने से मतलब है और बच्चों को सुविधा मुहैया कराने से परहेज। कक्षा एलकेजी से आठ तक के बच्चों को इस स्कूल में शिक्षा दी जा रही है, लेकिन कैसे बच्चे पढ़ते होंगे इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

**पीएसजीएम एकेडमी खामखेड़ा जत्रा**




खामखेड़ा जत्रा के पीएसजीएम एकेडमी स्कूल की हकीकत किसी से छिपी नहीं है। यह स्कूल किराए के भवन में चलने के साथ ही खेल मैदान तक नहीं है। जिस भवन में कक्षा लग रही उसमें पर्याप्त जगह तक नहीं है। संचालक मनमानी करते हुए फिर भी स्कूल संचालन कर रहा है। जिस तरह के हालात इस स्कूल में है उसे देखा शिक्षा विभाग ने कैसे मान्यता दी इस पर कई तरह के अब सवाल उठने लगे हैं। इस तरह बिना किसी सुविधा के बच्चों को क्या शिक्षा मिलती होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अच्छी शिक्षा के नाम पर अभिभावकों से मनमानी फीस वसूलने वाले निजी स्कूल सुविधाओं के मामले में शून्य हैं। इन स्कूलों के पास न तो पर्याप्त भवन है और न ही खेल मैदान। चंद कमरों में संचालित ये स्कूल मान्यता के नियमों पर भी खरे नहीं उतर रहे हैं। बावजूद शिक्षा महकमा नियमों को अनदेखा कर संचालित होने वाले निजी विद्यालयों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा हैं। शहर भर के 60 प्रतिशत स्कूल इन नियमों को पूरा नहीं करते हैं। शहर, गलियों में खुले दो कमरों में चलने वाले दड़बे जैसे स्कूलों से भरा पड़ा है। अधिकतर स्कूल ऐसे हैं जो लोगों ने अपने निजी घरों में ही खोल लिए हैं। यह आलम कुछ चुनिंदा स्कूलों में नहीं है, शहर भर में कई स्कूल ऐसे हैं जिनके हालात ऐसे ही हैं। सांठ-गांठ कर स्कूल संचालक मान्यता तो ले आते हैं लेकिन इससे सीधी चोट स्कूली छात्रों के भविष्य पर होती है। समस्याओं की बात करें तो यह स्कूल छात्रों से फीस के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं, लेकिन बेहतर शिक्षा का जो माहौल उन्हें मिलना चाहिए वह नहीं मिल पाता है। इन स्कूलों में न खुला हिस्सा, न खेल का मैदान, न रोशनीदार कक्षाएं और न ही सुरक्षा गार्डों की तैनाती है। यह संचालक दुकानें खोलकर शिक्षा को बेच रहे हैं। इन दुकानों पर कार्यवाही करना तो दूर इसको देखने के लिए भी कोई जिम्मेदार अधिकारी कभी इन स्कूलों में झांकने नहीं जाते है।

### यह मापदंड होना अनिवार्य

कक्षा आठवीं तक की मान्यता के लिए विद्यालय भवन 4500 वर्गफीट में होना अनिवार्य है। इसमें 2000 वर्गफीट का खेल मैदान तथा 2500 वर्गफीट में भवन होना चाहिए। इस प्रकार हाईस्कूल के लिए 5500 वर्गफीट एवं हायर सेकंडरी के लिए 6500 वर्गफीट स्थल होना चाहिए। इनमें भी 2000 वर्गफीट का खेल मैदान शेष भाग निर्माणाधीन होना चाहिए। इसके अलावा बालक-बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक शौचालय, शुद्ध पेयजल के इंतजाम आदि होना चाहिए। साथ ही लाइब्रेरी, प्रयोगशाला, स्टाफ रुम, ऑफिस के लिए भी पृथक-पृथक से कक्ष होना चाहिए। अगर किसी विद्यालय में इन मापदंडो का पालन नहीं किया जा रहा है तो उसकी मान्यता निरस्त की जा सकती है। इसके साथ ही अन्य कार्रवाई हो सकती है।

### उठ रहे सवालिया निशान

जिनके पास प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल की मान्यता है, लेकिन स्कूल भवन के नाम पर केवल दो से तीन कमरें है, जिन्हें भेड़ बकरियों की तरह बच्चों को प्रतिवर्ष बैठाकर स्कूलों का संचालन होता चला आ रहा है। जिला स्तर पर इन स्कूलों को मान्यता किस आधार पर प्रदान कर दी जाती है इस पर सवालिया निशान उठता चला आ रहा है।

### की जाएगी जांच

अगर इस तरह से निजी स्कूल संचालित किए जा रहे है, तो जांच की जाएगी, जांच कर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**आरआर उइके, डीपीसी जिला शिक्षा विभाग**

## पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर कर दी हत्या

**आरोपी हुआ फरार, पुलिस कर रही तलाश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी थाना क्षेत्र के ग्राम भूरी टेक कावड़ में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। यह घटना रविवार सुबह करीब 6:30 बजे हुई। हत्या के बाद आरोपी पति फरार हो गया। मृतक महिला की पहचान बसंती बाई (37 वर्ष) पत्नी देवलाल बारेला के रूप में हुई है। आरोपी पति देवलाल बारेला (40 वर्ष) है, जो ग्राम भूरी टेक कावड़ का निवासी है। पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची और पुलिस बल तैनात किया गया।

एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि वे स्वयं मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पति की तलाश के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं।

हालांकि, प्रारंभिक जांच में अभी तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। रेहटी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम में हत्या का मामला सामने आया है। जिस व्यक्ति ने जिंदगी भर साथ निभाने का वायदा पर सात फेरे लिए उसी ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। रविवार सुबह पुलिस को हत्या की सूचना मिली कि सुबह सुबह 6:30 बजे ग्राम भूरी टेक कावड़ में बसंती बाई पति देवलाल बारेला उम्र 37 वर्ष को अज्ञात कारणो के चलते कुल्हाड़ी से चोट पहुंचा कर मार डाला गया है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया।

मृतक महिला बसंती बाई पति देव लाल बारेला उम्र 37 वर्ष ग्राम भूरी टेक कावड़ थाना रेहटी क्षेत्र है। आरोपी देवलाल बारेला पिता जाम सिंह उम्र 40 वर्ष ग्राम भूरी टेक कावड़ है। मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया है और आरोपी की तलाश हेतु पुलिस की 4 टीमें सर्चिंग कर रही है। मामले में एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वह स्वयं घटनास्थल पर पहुंच गए थे और रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे सहित पुलिस भी मौके पर मौजूद है प्रकरण दर्ज करके आरोपी पति की तलाश की जा रही है अभी पुलिस को आरंभिक जांच में यह ज्ञात नहीं हो सका है कि पति ने हत्या की वारदात को क्यों अंजाम दिया है।

## विकासखंडवार समितियां गठित

सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सीहोर जिले को प्राप्त हो रहे विभिन्न प्रकार के उर्वरको के सुचारू वितरण एवं निगरानी के लिए विकासखण्डवार समितियां गठित कर सभी विकासखंडों के एसडीएम, कृषि अधिकारी, सहकारी बैंक के अधिकारी विपणन केंद्र के खंड स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। कृषि विभाग, सहकारिता बैंक एवं विपणन केन्द्र के अधिकारियों को प्रतिदिन संबंधित स्टॉक की जानकारी एसडीएम को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।




## दो दिवसीय नि:शुल्क कैंसर शिविर का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कैंसर का शुरुआत में पता लगाने से बीमारी से निजात संभव है। कैंसर का जल्दी पता चलने से उपचार की संभावना बढ़ जाती है। कैंसर का इलाज देर से होने पर उपचार से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती हैं और देखभाल की लागत भी ज्यादा होती है। कैंसर का शुरुआती पता लगाने के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट कराए जाते हैं स्क्रीनिंग टेस्ट में बिना किसी लक्षण के कैंसर के लिए टेस्ट या स्कैन कराया जाता है।

उक्त विचार शहर के तहसील चौराहे पर स्थित रोटरी क्लब भवन में रोटरी क्लब एवं इनर व्हील क्लब के तत्वाधान में जारी दो दिवसीय निशुल्क कैंसर शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डॉ. अभिजीत देशमुख ने कहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि समाजसेवी अरुणा राय सहित अन्य मौजूद थे। रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि रोटरी क्लब एवं इनर व्हील क्लब के तत्वाधान में जारी दो दिवसीय निशुल्क कैंसर शिविर का समापन अरविन्दो अस्पताल के सहयोग से एतिहासिक रूप से समापन किया गया। इस शिविर के दौरान सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने हजारों रुपए की जांच निशुल्क कराई। इसमें आठ से अधिक संदिग्ध मरीज मिले जिनको टेस्ट आदि के लिए यहां पर मौजूद डॉक्टरों ने सलाह दी है और कहाकि कैंसर के अच्छे उपचार के लिए कैंसर का शीघ्र पता लगाना महत्वपूर्ण है। इस जानलेवा बीमारी की पहचान और निदान में कोई भी देरी घातक साबित हो सकती है। स्वास्थ्य हर व्यक्ति की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

नियमित स्वास्थ्य जांच शरीर में किसी भी असामान्यता पर ध्यान देने के लिए आवश्यक है जिससे कैंसर का शीघ्र पता लगाने में मदद मिल सकती है। ऐसे में लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने को लेकर यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न बीमारियों की जांच निशुल्क की जाएगी।

इन चीजों से बचने की कोशिश करे रविवार को निशुल्क शिविर के समापन के पहले क्लब के अध्यक्ष विजयवर्गीय और इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय सहित अन्य ने डॉ अभिजीत देशमुख का स्वागत किया गया एवं शहर की महिला डॉ सुनीता सिसोदिया, डॉ मालती आर्य, डॉ ऋचा आर्य, डॉ श्रेष्ठ सक्सेना, डॉ पुष्पा कनौजिया का स्वागत किया।



**खबर संक्षेप**

## जिला संस्कार मंच ने किया पौधरोपण

**सीहोर।** जिला संस्कार मंच के तत्वाधान में साल भर से विभिन्न परिसरों में पौध-रोपण गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस क्रम में रविवार को शहर के सोया चौपाल के अलावा श्री राधेश्याम विहार कालोनी में मंच के पदाधिकारियों के द्वारा एक दर्जन से अधिक पौधों का वितरण किया गया। आगामी दिनों में शहर सहित आस-पास के क्षेत्रों में पौधरोपण निरंतर जारी रहेगा।

इस मौके पर जिला संस्कार मंच के जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र माहेश्वरी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और वसुंधरा को संवारने के उनके मन के भाव और संकल्प का प्रकटिकरण है। पौध-रोपण का यह अभियान, परमात्मा से प्रकृति के रूप में जो हमें प्राप्त हुआ है, उसे वापस लौटाने का एक प्रयास भी है। विकास के क्रम में हुए प्रकृति के क्षरण की प्रतिपूर्ति करने और संतुलन बनाए रखने में भी पौध-रोपण से मदद मिल रही है। पौधा रोपण जरूरी है। पौधा रोपण होने से पर्यावरण को नुकसान नहीं होता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से खिलवाड़ करने से हवा भी बेहद जहरीली हो गई है, जिसमें सांस लेना भी एक तरह से जहर निगलने जैसा है। इन तमाम समस्याओं का कारण ग्लोबल वार्मिंग और उस कारण से हो रहे जलवायु परिवर्तन को माना जाता है। इस समस्या का समाधान भी बड़ा आसान है कि अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं, जो विशालकाय वृक्ष का रूप लेकर जलवायु परिवर्तन के हमले में ढाल बनकर उसे संतुलित करने में सहायक हों। पौधा रोपण के दौरान कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, आरसी चंद्रवंशी, आनंद दुबे, जितेन्द्र भावसार आदि शामिल थे।

## प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी होंगे शामिल

**देवास।** ग्वालियर में 4 से 8 अक्टूबर तक स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देवास जिले से उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए बालिका वर्ग में दीक्षित ठाकुर, अर्पण सिंह, तथा बालक वर्ग में अक्षत जाधव, फैजान शेख, केयूर टेटवाल ,शरद सोलंकी अयान, ध्रुव, कुलदीप, सानिध्य, अभिषेक , गौरव, अमन, प्रथम हिस्सा लेंगे।

### परिवहन आयुक्त के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी दल ने की जांच

# शहर में बिना वैध लाइसेंस संचालित हो रहे कार ड्राइविंग स्कूलों की जांच की

### नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर की विधिवत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जांच दल प्रभारी मीनाक्षी गोखले एवं जांच दल द्वारा देवास शहर में बिना वैध लाइसेंस संचालित हो रहे कार ड्राइविंग स्कूलों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान शहर के कई ड्राइविंग स्कूलों का निरीक्षण किया गया और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की गई। साथ ही बिना बीमा, फिटनेस, परमिट वाले वाहनों की जांच कर कुल 7 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 40 हजार का चालान काटा गया। अभियान के तहत केलादेवी चौराहा स्थित पाटीदार कार ड्राइविंग स्कूल, इशिका कार ड्राइविंग स्कूल और मुखर्जी नगर में संचालित डोरिया कार ड्राइविंग स्कूल की जांच की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि बिना वैध लाइसेंस के कार ड्राइविंग स्कूलों का संचालन कर रहे थे। आवश्यक दस्तावेज और लाइसेंस प्रस्तुत नहीं करने पर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई ड्राइविंग स्कूल बिना वैध लाइसेंस के संचालित होता पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान बिना अनुमति किसी भी व्यक्ति की गाड़ी मौके पर मिली तो उसे जप्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि परिवहन आयुक्त के आदेशानुसार पूरे प्रदेश में शासन द्वारा मान्यता प्राप्त ड्राइविंग स्कूलों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान यह देखा जा रहा है कि स्कूल परिवहन विभाग के निर्धारित नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि प्रशिक्षण देने वाला स्टाफ योग्य है या नहीं, प्रशिक्षण के लिए आवश्यक वाहन, उपकरण और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे केवल वैध और पंजीकृत ड्राइविंग स्कूलों से ही प्रशिक्षण लें, ताकि सुरक्षित ड्राइविंग की दिशा में सही मार्गदर्शन प्राप्त हो सके और सड़कों पर दुर्घटनाओं की संभावना कम की जा सके।




### ड्राइविंग स्कूल में ये नियम होना आवश्यक

प्रशिक्षण हेतु कक्षा का होना आवश्यक है। 05 वर्ष का अनुभव प्राप्त चालक होना चाहिए। परिवहन विभाग से जारी लाइसेंस प्राप्त होना चाहिए। स्वयं का प्रशिक्षण हेतु वाहन होना चाहिए। यातायात नियमों का चार्ट एवं नोट्स होना चाहिए।प्रशिक्षण प्राप्ति के बाद ही ड्राइविंग सर्टिफिकेट जारी होना चाहिए।

## शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अहमदपुर में निकला पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अहमदपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में संघ द्वारा सभी मंडल केंद्रों पर पथ संचलन निकाला जा रहा है । इसी कड़ी में श्यामपुर खंड के अहमदपुर मंडल का आज संचलन निकाला गया । पथ संचलन के मुख्य वक्ता गोविंद सिंह ठाकुर सह जिला कार्यवाह सीहोर ने अपने बौद्धिक में कहा कि हमारा समाज उत्सव प्रधान समाज है इन्हीं उत्सव में से संघ अपने स्वयंसेवकों और समाज के साथ मिलकर 6 उत्सव मनाता है ।विजयदशमी उत्सव अधर्म पर धर्म की विजय, असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है ।

भगवान श्री राम ने अत्याचारी रावण का अंत किया था इसी प्रकार 1925 में विजयदशमी के दिन संघ की स्थापना हुई थी, संघ प्रारंभ से ही इस देश के युवाओं में राष्ट्रभक्ति का भाव बढ़ाने का कार्य अपनी शाखाओं के माध्यम से करता आ रहा है । पिछले 100 वर्षों में हिंदू समाज के संगठन के कारण ही आज हमारे आराध्य प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर बन पाया। हम सब सौभाग्यशाली हैं जो शताब्दी वर्ष में हमें काम करने का अवसर मिला।उन्होंने समाज से आग्रह किया कि संघ से जुड़कर भारत विश्व गुरु बनेगा ।इसके लिए समाज को और संघ को मिलकर पंच परिवर्तन के बिंदुओं पर काम करना पड़ेगा।

सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी और नागरिक शिष्टाचार शताब्दी वर्ष में संघ पांच परिवर्तन पर काम करने के लिए व्यापक ग्रह संपर्क अभियान और मंडल केंद्रों पर विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित करेगा ।संचलन गल्ला मंडी अहमदपुर से प्रारंभ होकर अहमदपुर के मुख्य मार्गो से होते हुए में चरनाल जोड़ से मुख्य मार्केट,होते हुए वापस अपने स्थान पर पहुंचा । संचलन में सभी स्वयंसेवक घोष की धुन पर कदमताल करते हुए अनुशासन के साथ चल रहे थे । ग्रामीणों ने भी पुष्प वर्षा कर इस संचलन का भव्य स्वागत किया ।

### राजस्व मंत्री ने ग्राम डोडी में किया स्टॉप डैम का लोकार्पण

# हर खेत तक पानी पहुंचाने हो रहा कामः राजस्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने इछावर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डोडी में स्टॉप डैम का लोकार्पण किया। इस स्टॉप डैम की स्वीकृत लागत 30.75 लाख रुपये और अनुबंधित लागत 20.74 लाख रूपये है। लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में निरंतर विकास एवं निर्माण के कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि ग्रामीण अंचलों का सर्वांगीण विकास और जल, जमीन और आमजन से जुड़ी सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जल संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

उन्होंने कहा कि यह बैराज केवल एक निर्माण कार्य नहीं है, बल्कि यह गांव के भविष्य को सुरक्षित करने वाला कदम है। इस डैम के निर्माण से आसपास के खेतों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इसके साथ ही भूजल स्तर में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार "हर खेत तक पानी" पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है, ताकि सभी किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के साथ-साथ सरकार सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में जनपद सीईओ नमिता बघेल सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।




## दिव्यांग छात्रा राज्य स्तर के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन समय पर मिले तो दिव्यांगता भी किसी सफलता में आड़े नहीं आती। एक बार फिर नेहा ने साबित कर दिया। शासकीय कन्या उमावि जहांगीराबाद भोपाल में आयोजित संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में नेहा ने एकल अभिनय, एक पेड़ माँ के नाम और सुलेख लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवानवित किया है। इस सफलता का श्रेय नेहा का आत्मविश्वास और शिक्षिका ज्योति त्यागी का मार्गदर्शन है। नेहा के परिवार वालों का मानना है कि ज्योति त्यागी द्वारा नेहा की योग्यता को तराशा गया। नेहा की इस उपलब्धि पर शिक्षिका ज्योति त्यागी, संस्था प्राचार्य आर.डी. सोलंकी, राजेश कसोटिया, जितेंद्र बड़ोदिया, रितेश राठौर, पूजा गांधी, अंजू दोग्ने मुकेश सिसोदिया, अरुण व्यास, प्रमोद खत्री, भैरव सिंह व समस्त स्टाफ द्वारा हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।



# भव्य रूप से बनाया जाएगा वीर दुर्गादास राठौर भवन, सांसद आलोक शर्मा ने किया भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




राष्ट्रीय वीर दुर्गादास राठौर पार्कगंज में वीर दुर्गादास राठौऱ भवन का भूमि पूजन पूर्ण विधि-विधान से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण के लिए लाखों रुपए एकत्रित किए गए।

भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सन्नी महाजन, मनोज राठौर, जितेंद्र राठौर राष्ट्रीय अखिल भारतीय युवा संगठन महासभा कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं आभार रामचंद्र राठौड़ अध्यक्ष राठौर शक्ति समाज सीहोर ने माना कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पूरन सिंह राठौड़ महामंत्री राठौर समाजजनों ने किया अपने संबोधन में सांसद, विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने भवन निर्माण में सांसद निधि 20 लख रुपए विधायक निधि से 10 लख रुपए इतनी राशि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर पहले ही स्वीकृत कर चुके हैं एवं भवन निर्माण में हर प्रकार की मदद का वादा सभी अतिथियों ने किया

कार्यक्रम में राठौर समाज के अध्यक्ष रामचंद्र बाबा उपाध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर उपाध्यक्ष देवेंद्र राठौर उपाध्यक्ष मनोज पहलवान दीपेश राठौड़ मंत्री मुकेश राठौर राजकुमार राठौर अशोक राठौर सुनील राठौर प्रेम नारायण राठौर प्रवक्ता संजय राठौर से प्रवक्ता अजय राठौर कोषाध्यक्ष प्रमोद राठौर कार्यालय मंत्री संदीप राठौर व्यापारी प्रकोष्ठ के जितेंद्र राठौर शिक्षा प्रकोष्ठ के लिए रितेश राठौर विधि प्रकोष्ठ के प्रदीप राठौर महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सविता राठौर युवा संगठन भानु राठौर दीपेश राठौर एवं सभी अध्यक्ष कार्यक्रम में शामिल हुए सर्व ब्राह्मण समाज सीहोर के दीपक शर्मा सर्व यादव समाज सीहोर की घनश्याम यादव एवं गेंदालाल यादव लोधी समाज से रमेश लोधी जाट समाज से नीरज जाटव कोली समाज सीहोर बाल किशन, लोकेंद्र वर्मा सनी कौशल, प्रदीप बिजोरिया राहुल राय मांझी समाज राजेश मांझी, ओमप्रकाश मांझी, राजपूत समाज अक्षय चौहान नरेंद्र राजपूत अजय पाल रजत समाज मुकेश पटेल विनोद सोलंकी मेवाड़ समाज मुकेश मेवाडा दिनेश मेवाड़ा प्रजापति समाज विष्णु प्रजापति, कमल प्रजापति, देवेंद्र, सेन समाज तुलसीराम, चौरसिया समाज मोहन चौरसिया, दामोदर दर्जी समाज की ओर से श्याम मेहता, देवेन्द्र आर्य, पार्षदगणों में प्रदीप बिजोरिया नरेंद्र राजपूत विवेक राठौर प्रदीप गौतम मांगीलाल मालवीय विशाल राठौर कमलेश राठौर अर्जुन राठौर दिलीप राठौर राजेश माझी आदि शामिल हुए।

कार्यक्रम में राजेश राठौर सतीश राठौर दादा सुरेंद, राजेंद्र, नरेंद्र भाई महिला मंडल एवं युवा संगठन के सभी लोग कार्यक्रम में शामिल हुए इसके लिए राठौर समाज सीहोर सभी का आभार व्यक्त किया।

# महार्षि वाल्मीकि जयंती पर सात अक्टूबर को निकलेगा चलसमारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी वाल्मीकि समाज के अराध्य महार्षि वाल्मीक की जयंती दिनांक 7 अक्टुबर 2025, मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई जावेगी। इसी तारतम्य में भारतीय सफाई मजदूर संघ सम्बंध भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष रितेश चन्देल ने सभी से अपील करते हुए कहा है कि महार्षि वाल्मीक जी की जयंती के पावन अवसर पर भव्य चल समारोह निकाला जावेगा। जिसमें रथ में विराजमान वाल्मीकि जी, ढोलताशे, बैंड, अखाड़ा, डीजे आकर्षण का केन्द्र रहेगें। उक्त चलसमारोह दिनांक 7 अक्टुबर 2025, दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे वाल्मीकि कॉलोनी स्टेशन रोड से प्रारम्भ होगा, जो कि मुख्य मार्गों से होते हुए कोतवाली चौराहा, मेन रोड से होता हुआ लिसा टाकिज चौराहा, तहसील चौराहा से होकर कस्बा बकरीपुल स्थित महार्षि वाल्मीकि मंदिर पर समापन होगा। जहाँ पर महा आरती व भण्डारें में भोजन प्रसादी वितरण के साथ समापन होगा। इस अवसर पर सभी माताओं, बहनों, युवा साथियों एवं नागरिकगणों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।




### राष्ट्रीय संत मुनि पुलक सागर महाराज के मार्गदर्शन में हुई प्रतियोगिता

# भजन गायन स्पर्धा में अंशुल को मिला तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय भजन गायन महा आयोजन के दौरान सीहोर के गायक अंकुश जैन ने देशभर से पहुंचे गायक युवाओं को गायन प्रतियोगिता में पराजित कर पुरस्कार अर्जित किया है। जैन समाज के क्रांतिकारी राष्ट्रसंत मुनि पुलक सागर महाराज के सानिध्य में उदयपुर मे देश भर के युवा गायको को आमंत्रित कर पुलक आयडियल 3 का आयोजन किया गया था। जिस में युवा गायक समाजसेवी नेमीचंद जैन के सुपुत्र समाजसेवी मनोज जैन के दामाद अंकुश जैन ने गायन में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। आचार्य गुरुवर विद्यासागर विशुद्ध सागर सुबल सागर महाराज के परम भक्त पंडित प्रदीप मिश्रा सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित मोहितराम पाठक के धार्मिक आयोजनो मे अंकुश जैन अपनी प्रस्तुति देकर हजारों लाखों श्रद्धालुओ का मन मोह चुके है। पुलक आयडियल 3 मै देश के 41 बेहतरीन गायको के मध्य अंकुश जैन ने अपनी गायकी का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पुरस्कार को लेकर सीहोर शहर के जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों जैन समाज के युवाओं मित्रों रिश्तेदारों दोस्तों ने अंकुश को बधाई शुभकामनाएं दी है।




# नगर में पीलिया के मरीजों की बढ़ी तादाद, नलों मे आ रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेहटी

इन दिनो में अचानक नगर रेहटी में पीलिया के मरीजों की तादाद में वृद्धि हो रही है, जिसको लेकर नगर वासियों द्वारा नगर में पिया जल व्यवस्था से नलों में आ रहा है पानी का गंदा होना बताया जा रहा है। बता दे की बारिश के चलते नगर के नलों मे गंदा पानी आने से बीमारी फैल रही है, जिससे नगर सहित राजधानी के अस्पताल में भी इलाज जारी है। नगर के हालात यह है कि यहां पर कुछ वार्डों में तो एक-एक घर में दो-दो तीन-तीन मरीज पीलिया के देखे जा सकते हैं। जिसको लेकर नगर के लोग दहशत में है। बताया जा रहा है कि नगर के नलों मे गंदा पानी लगातार आ रहा है जिसकी शिकायत भी लोगों द्वारा नगर परिषद में की गई लेकिन इस और ध्यान नहीं दिया गया। जिससे पीलिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा लगातार बाल चेक किया जा रहे हैं और दवा भी डाली जा रही है लेकिन आखिर ऐसा क्यों हो रहा है कि लगातार मरीज बढते.जा रहे है। कुछ घरों के तो दो बच्चे भोपाल के नीचे अस्पताल में भर्ती हैं साथ ही कुछ लोग रेहटी के निजी अस्पतालों में अपना इलाज करवा रहे हैं। और कुछ लोग झाड़ फूंक से भी अपना इलाज करने को मजबूर हैं। बताया जा रहा है कि नगर रेहटी में 60 से 70 लोग पीलिया के मरीज है।और संख्या बढती जा रही हैं।खासकर बच्चों की संख्या इसमे ज्यादा है।



### पानी में डाली जा रही है दवाई

हमारे द्वारा लगातार वाल चेक किया जा रहे हैं साथ ही पानी मै दवा भी डाली जा रही है।

**आरके यादव,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी रेहटी

### नगर में साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर सीएमओ सुनहरे ने दिखाई सख्ती

# अनुपस्थितों पर कार्रवाई के निर्देश सुअर पालकों पर दर्ज एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर पालिका परिषद सारंगपुर की मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे ने शनिवार प्रातःकाल नगर का भ्रमण कर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने झाड़ू, नाली एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई सफाई कर्मचारी कर्तव्य पर अनुपस्थित पाए गए, जिनमें लखन होटल पिता राजेश, अविनाश मनोज, नवीन गिरजे पिता अशोक गिरजे, राधेश्याम पिता सहीम, संजय पिता ताराचंद, रोहित पिता महेश, रेखा देवी रानवे, गुंजा बाई, मीणा बाई और ममता बाई शामिल हैं। सीएमओ ने संबंधित दारोगाओं को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 10 गणेशदेरी व अटल चैक, वार्ड क्रमांक 15 बागकुआं टंकी क्षेत्र तथा वार्ड क्रमांक 7 सीधाखाल में सफाई कार्य ठीक से नहीं मिलने पर संबंधित प्रभारी कुंदन गिरजे, रवि रामप्रसाद एवं पवन होटले से संतोषजनक जवाब न मिलने पर स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।



#### मृत मवेशी पाए जाने पर सीएमओ ने जताई नाराजगी

नगर में चार-पाँच स्थानों पर मृत मवेशी पाए जाने और ड्राइवर सिद्धनाथ के मोबाइल बंद रहने पर सीएमओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सदर बाजार त्रिपोलिया बाजार एवं भेरूदरवाजा रोड क्षेत्र में सड़क पर फेंका गया कचरा हटवाया गया। वार्डवासियों को कचरा सड़क या नाली में न डालने की चेतावनी दी गई तथा ऐसा करने पर क्रमशः 200 रुपए और 500 रुपए का जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए गए।

#### आवारा सुअरों पर पालकों पर की गई एफआईआर

सीएमओ सुनहरे ने बताया कि नगर में आवारा सुअरों की समस्या पर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। पूर्व में सुअर पालकों को नोटिस जारी किए जाने के बाद भी सुधार नहीं होने पर थाना सारंगपुर में एफआईआर दर्ज कराई गई है जिसमेंबनारसी,चंदन,अजय,करण,सोनू,राहुल अजय और आगे कठोर कार्रवाई की जा रही है। अंत में उन्होंने सभी वार्ड प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने वार्डों में नाली सफाई नियमित रूप से कराएं, जल निकासी सुचारु रखें, कचरा एकत्रित न होने दें और दैनिक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायत मिलने पर पुलिस ने किया मुकदमा कायम

## सोशल मीडिया पर आरएसएस सरसंघचालक को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी पर जताया रोष



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

शुक्रवार को सुबह 8 बजकर 53 पर एक आपत्तिजनक टिप्पणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री स्वर्गीय गोलवलकर गुरुजी के संबंध में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में गुरुवार को हिंदू संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कुरावर के वार्ड क्रमांक 6 में रहने वाले राजेंद्र पिता गोकुल प्रसाद शर्मा जो कि पैशे से वकील है उनके द्वारा अपने मोबाइल नंबर से सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट की गई है, जिसमें दलित-पिछड़े और मुस्लिम समाज के बीच वैमनस्य फैलाने वाली टिप्पणी की गई है। इस टिप्पणी से धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं और समाज में आपसी वैमनस्य फैलाने की कोशिश की जा रही है। आवेदनकर्ताओं ने मांग की है कि आरोपी युवक पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की गतिविधियों की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने पुलिस प्रशासन से शीघ्र प्रभावी कदम उठाने की अपील की है। पुलिस ने भी मुकदमा कायम किया है। और विवेचना में लिया है। गौरतलब है कि हिंदू संगठनों ने इस मामले को गंभीर मानते हुए इसे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला कृत्य बताया है।

#### इनका कहना है

हमें आवेदनकर्ताओं ने सोशल मीडिया के स्क्रीनशॉट सहित शिकायती आवेदन दिया था हमने मुकदमा कायम कर लिया है।

**संगीता शर्मा, थाना प्रभारी कुरावर**

## मानस की छात्रा का मप्र राज्य स्तरीय गतका मार्शल आर्ट के लिए चयन




हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

4 से 8 अक्टूबर भोपाल में आयोजित म.प्र.राज्य स्तरीय शालेय गतका मार्शल आर्ट 19 वर्ष बालिका में मानस हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 12वी की छात्रा लक्ष्मी दांगी पिता मांगीलाल दांगी का चयन हुआ है । छात्रा पिछले वर्ष भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम में शामिल हुई थी इस वर्ष संभाग स्तरीय प्रतियोगिता विदिशा में राजगढ़ जिले की ओर से शामिल होकर स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तरीय टीम में अपनी जगह बनाई है छात्रा की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष श्री महेश जी अग्रवाल ,प्राचार्य श्री आर एस राजपूत, खेल शिक्षिका विद्या चैहान निकिता जोशी सहित समस्त मानस परिवार ने बधाई दी और छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पेंशनर मांगों के लिए 8 को भोपाल में देंगे धरना

**ब्यावरा।** ऑल प्रगतिशील पेंशनरस वैलफेयर एसोसिएशन मध्यप्रदेश भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर दुबे के आव्हान पर पेंशनरों की लंबित माँगों को लेकर 8 अकटूबर बुधवार 11 बजे से धरना प्रदर्शन कर मध्य प्रदेश शासन को ज्ञापन सौंपा जायेगा जिसमें 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता, पेंशनर की मृत्यु पर 125000६- अनुग्रह राशि देने, पेंशनर के बेरोजगार बच्चों को पीला राशन कार्ड देने, 27माह का ऐरियरस देने, कोर्ट से जीतने वालों को अवकाश नगदीकरण शीघ्र देने, 30 जून, 31दिसंबर को रिटायरों को एक वेतनवृधदी देने आदि अनेक माँगों के लिए किया जायेगा। उपरोक्त सभी माँगें सरकार से एसोसिएशन ने समय समय पर कीं थीं, किंतु सरकार ने अभी तक नजर अंदाज कर रखा है जिस कारण पेंशनरों में भारी रोष है। धरना प्रदर्शन में मध्य प्रदेश के सभी जिलों के अलावा जिला राजगढ़ से प्रांत उपाध्यक्ष राजेन्द्र जोशी काका, प्रांत संगटन सचिव बापूलाल सुमन, प्रांत प्रमुख सचिव राजेन्द्र खत्री, वरिष्ठ संरक्षक जमनालाल मारोठिया, जिला अध्यक्ष जगदिश प्रसाद गौड, ब्लाक अध्यक्ष खलील कुरैशी सहित दो दर्जन पेंशनरस धरना प्रदर्शन में भाग लेने भोपाल जायेंगे। सभी पेंशनरों से ज्यादा संख्या मे इस धरना आंदोलन में भाग लेने की अपील राजेंद्र खत्री ने की है।

## कार्यशाला में नव दंपतियों ने सीखे सशक्त समृद्ध और संगठित परिवार के सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालापीपल



कुटुंब प्रबोधन टोली कालापीपल द्वारा नव दंपति कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कालापीपल नगर के नव विवाहित दंपतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला का उद्देश्य नवयुगलों को परिवार के प्रति जिम्मेदारी, संस्कार और संवाद की भावना से जोड़ना रहा।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जयश्री बंसल दीदी जिला संघ चालक हुकुमजी धनगर, खंड संघ चालक जे. पी. शर्मा, कुटुंब प्रबोधन देवास विभाग संयोजक मनराज परमार खंड संयोजक गोपाल पाटीदार तथा प्राचार्य राजेंद्र देशमुख (सरस्वती शिशु मंदिर) कुटुंब प्रबोधन टोली सदस्य रीना दुबे श्रीमती विभा लेले विशेष रूप से उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने सशक्त, समृद्ध और संगठित परिवार कैसा हो विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि संस्कारयुक्त परिवार ही समाज और राष्ट्र की सुदृढ़ नींव है। आपसी संवाद, सम्मान और सहयोग ही गृहस्थ जीवन की सच्ची सफलता है। कार्यशाला में नव दंपतियों के बीच संवाद सत्र, पारिवारिक खेल, फूलों की रंगोली और प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से संस्कार, स्नेह और समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कुटुंब प्रबोधन जिला टोली सदस्य अनिता भगवत राजपूत ने कुशलतापूर्वक किया। अतिथि परिचय वंदना विजयवर्गीय ने कराया तथा आभार प्रदर्शन रंजन पांडे ने किया। अंत में भारत माता की आरती के साथ सभी नव दंपतियों ने संकल्प लिया कि वे अपने परिवार को संवाद, संस्कार और सद्भाव से सशक्त बनाएंगे और समाज में सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

### नाले में डूबने से दो नाबालिगों की मौत

## अवैध खनन के गड्ढों ने ले ली दो मासूमों की जान, जिम्मेदार मौन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सारंगपुर क्षेत्र में एक बार फिर अवैध खनन माफियाओं की लापरवाही ने दो मासूम जिंदगियों को निगल लिया। ग्राम पंचायत छापरा में शनिवार को दो नाबालिग युवकों की नाले में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पिंटू 15 वर्ष पिता जितेंद्र मालवीय, निवासी छापरा और उसका भांजा रूपेश (14 वर्ष) पिता रमेश, निवासी रसूलपुर, नाले के पास खेलते हुए अचानक गहरे पानी में जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में अवैध खनन माफियाओं ने नालों और खेतों के किनारे गहरे गड्ढे कर रखे हैं, जिनमें पानी भर जाने से यह हादसा हुआ। सारंगपुर क्षेत्र में इससे पहले भी ऐसी दुःखद घटनाएं हो चुकी हैं, परंतु प्रशासन और जिम्मेदार विभागों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते अवैध खनन पर लगाम लगाता, तो आज दो मासूमों की जान बच सकती थी। अब सवाल उठता है कि आखिर कब तक सारंगपुर क्षेत्र में इस तरह अवैध खनन के गड्ढे मासूम जिंदगियों को निगलते रहेंगे और जिम्मेदार मौन बने रहेंगे।

### नगरवासियों ने ली सफाई और स्वच्छता की शपथ

## नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई




हरिभूमि न्यूज ⏭ छापीहेडा

स्वच्छता सेवा अभियान पखवाड़ा अंतर्गत शपथ पूर्वक कार्य को गति देने नशा मुक्ति शिविर की शपथ दिलाई नगर को स्वच्छता की भाग दौड़ में नंबर वन बनाने हेतु जो श्रद्धड कार्य धरातल पर हो रहे हैं। वह बहुत सराहनीय साबित हो रहे हैं हर गली मोहल्ले में स्वच्छता पग पग पर दिखाई दे रही है साथ साथ नशा मुक्ति की शपथ दिलाई स्वच्छता सेवा अभियान पखवाड़ा अंतर्गत नगर परिषद कार्यालय में सफाई मित्रों को पी पी किट ड्रेस वितरण कर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई एवं लोक कल्याण मेला प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अंगीकार अभियान के माध्यम से का शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण विसालिया श्री राम नागर, बादल नरगावे, राजेश दांगी ,जमील मंसूरी, शिवा इंगलै राम दांगी एवं समस्त निकाय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सास बहू के रिश्ते में प्रगाढ़ता के सफल पांच वर्ष किए पूरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

नवरात्रे की नवमी को पड़ने वाले बहु दिवस पर अपनी बहु में भी माता रानी के 9 स्वरूपों को देखने की सासों से गुजारिश करती नजर आईं। महिला परिषद् ओजस्विनी अध्यक्ष सपना भार्गव द्वारा पिछले 4 सालों से इस दिवस का आयोजन करती आ रही हैं। इस वर्ष उनकी सास बहु के रिश्ते को सुद्रण बनाने की इस अनोखी पहल को पांच वर्ष पूरे हुए, जिसके चलते नगर में सास बहुओं का जन सैलाब उमड़ा और उनका धन्यवाद प्रेषित किया।

## पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्कर 3 किलो 89 ग्राम गांजा जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालापीपल



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय तथा शुजालपुर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निमेश देशमुख के मार्गदर्शन में थाना कालापीपल पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों पर कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 4 अक्टूबर 2025 को थाना कालापीपल पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर अवैध मादक पदार्थ लेकर भीलखेड़ा रोड रामदेव बाबा मंदिर के पास खड़ा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह जगेत के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर फोर्स की मदद से पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम इस्माइल खां पिता बशीर खां उम्र 45 वर्ष निवासी कोटरी थाना आष्टा, जिला सीहोर बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा वजन 3 किलो 89 ग्राम कीमत लगभग 60,000 रुपए बरामद किया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने यह गांजा सचिन ठाकुर नामक व्यक्ति से लिया था तथा दोराहा क्षेत्र में बेचने जा रहा था। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मनोहर सिंह जगेत, उप निरीक्षक रवि भंडारी, उप निरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे, प्रधान आरक्षक विवेक गोस्वामी, प्रधान आरक्षक विशाल पटेल, प्रधान आरक्षक आनंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर जाटव, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, आरक्षक वेदप्रकाश परमार, आरक्षक नयन यादव, आरक्षक सुमित पटेल, आरक्षक शैलेन्द्र की भूमिका रही।

### पशु चिकित्सा अधिकारी ने विभिन्न ग्रामों में किया निरीक्षण, बढ़ेगा दुग्ध उत्पादन

## दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के अंतर्गत पशुपालकों से सीधा संवाद



**सारंगपुर।** प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान" का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित शाक्या ने सर्वेयर अंकित लववंशी मैत्री कार्यकर्ता एवं प्रेम किशोर खींची सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी द्वारा किए जा रहे कार्यों का सत्यापन एवं निरीक्षण किया। डॉ. शाक्या ने सारंगपुर क्षेत्र के तारागंज, तलेनी, कालूखेड़ा एवं फूलपुरा ग्रामों का भ्रमण कर पशुपालकों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने पशुपालकों को पशुओं की नस्ल सुधार, दुग्ध उत्पादन वृद्धि, संतुलित पशु आहार, कृमिनाशक, टीकाकरण एवं पशु स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि सीमन के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण बछियों के जन्म से दूध उत्पादन बढ़ेगा तथा पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

इस दौरान पशुपालकों से उनके पशुओं के आहार, दूध उत्पादन की मात्रा, दूध बिक्री दर एवं विपणन से जुड़ी जानकारी भी ली गई। पशुपालकों को पशुपालन केसीसी, पशु बीमा योजना एवं अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी दी और अधिक से अधिक पशुपालकों को इनसे लाभान्वित होने का आग्रह किया। गौरतलब है कि "दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान" का संचालन 2 से 9 अक्टूबर तक किया जा रहा है। अभियान के सफल संचालन हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### रामलीला में राम राजतिलक, राम राज्याभिषेक की हुई विशेषआरती

## राक्षसों का संहार कर राम वनवास काटकर अयोध्या वापस लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

विगत 53 वर्षों से नगर में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श चरित्र का मंचन श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के तत्वाधान में अनुशासन एवं मर्यादाओं की अनुकरणीय शैली को परोसते हुए रामायण की चौपाइयों पर आधारित रामलीला का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।जहां पर राम द्वारा पिता की आज्ञा का पालन राम लक्ष्मण माता सीता द्वारा 14 वर्ष का वनवास पूरा करते हुए राक्षस रावण का संहार किया।

अयोध्या वापसी हुई। अयोध्या पहुंचकर भरत को हनुमान जी द्वारा सूचना दी गई कि 14 वर्षपूर्ण हो चुके हैं राम वनवास से अयोध्या की ओर प्रस्थान कर रहे हैं भरत को जैसे ही राम के आगमन की सूचना मिली उन्होंने गुरु वशिष्ठ सहित माताओं को बुलाकर पूरी अयोध्या को आकर्षक दीप ज्योति से चकाचैंध एवं विद्युत डेकोरेशन से सजाया गया राम का आगमन अयोध्या के लिए खुशियों भरा रहा जहां पर राम का राजतिलक किया गया।



इसमें पहली आरती जो परम्परा अनुसार विगत तीन दशक से अधिक समय से विधायक हजारीलाल दांगी एवं पुर्व नपाध्यक्ष अध्यक्ष गोकरण वर्मा करते आ रहे उन्होंने आरती उतारी जहां प्रथम आरती राशि 41000 रु भेंट किए। वहीं दुसरी आरती पुर्व नपाध्यक्ष दिनेश पुरोहित 21000 रु में , तीसरी आरती संजय सिंह जमींदार , श्याम सुंदर करोडिया ,ओम करोडिया 10100 में चौथी आरती नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी पवन कुशवाहा सहित पार्षद एवं श्री राम कुशवाहा सुंदरकांड समिति ने 15551पांचवीं आरती सीएमओ हरीओम शर्मा , देवनारायण दांगी,ओंकार सिंह मण्डलोई ने 11000- , छठी आरती श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ संयोजक पं. श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में समिति सदस्यों ने 7500एव खाडी वाले बालाजी सेव दल समिति द्वारा 7001 में की।

**खबर संक्षेप**

### मान्यता नवीनीकरण की तिथि बढ़ी

**सीहोर।** प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों के मान्यता नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि की गई है। अब अशासकीय विद्यालय मान्यता नवीनीकरण के लिये विलंब शुल्क 10 हजार रूपये की राशि सहित आवेदन कर सकेंगे। मान्यता नवीनीकरण का पोर्टल 29 सितम्बर से प्रारंभ होगा। इसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

### स्पर्श पोर्टल पर करें ऑनलाइन आवेदन

**सीहोर।** दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश के मूलनिवासी दिव्यांगजन, जिनमें अस्थिबाधित द्वारा गत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक तथा अन्य श्रेणी में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है उनसे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। विद्यार्थी अपना आवेदन 31 अक्टूबर तक स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। आवेदन पत्रों की जांच 15 नवम्बर तक होगी और अंतिम सूची का प्रकाशन 30 नवम्बर तक किया जाएगा। स्वीकृत आवेदन पत्रों में पात्रतानुसार छात्रों को लैपटॉप अथवा मोट्रेट ट्राइसाइकल, विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर 2025 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वितरित की जायेगी। आयुक्त सामाजिक न्याय ने बताया की स्पर्श पोर्टल ओपन कर दिया गया है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने जिले से योजना हेतु आवेदन करने के लिये प्रोत्साहित करें।

नपा में हुए भ्रष्टाचार पर तीन साल से खामोश है कांग्रेस के पार्षद और नेता प्रतिपक्ष

# पिछले तीन साल के कार्यकाल में कांग्रेस पार्षद नहीं निभा पाए विपक्ष की भूमिका!

कांग्रेस ने नहीं दिखाई विपक्ष की भूमिका, नहीं उठाया एक भी जनहित का मुद्द।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बीते तीन वर्षों से आष्टा नगर पालिका में करोड़ों रुपए के विकास कार्य हुए हैं लेकिन इन विकास कार्यों के नाम पर अधिकारियों और चुने हुए जनप्रतिनिधियो ने जमकर भ्रष्टाचार किया है और इसकी बानगी कई मामलों में देखने को मिल सकती है लिहाजा भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा की नगर पालिका लगातार सुर्खियों में बनी हुई है लेकिन आष्टा नगर पालिका में विपक्ष की भूमिका में बैठे कांग्रेस के पार्षद और नेता प्रतिपक्ष की तीन वर्षों से जनहित के मुद्दों सहित नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार पर चुप्पी पर शहर वासी गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं ऐसे में अब शहर के नागरिक कांग्रेस के इन पार्षद और नेता प्रतिपक्ष पर नगर पालिका के भ्रष्टाचार में हिस्सेदारी फिक्स होने के आरोप तक लगा रहे हैं। लिहाजा नगर पालिका में नागरिकों की समस्याओं को उठाने वाला विपक्ष बीते तीन वर्षों से गायब नजर आया है और एक भी जनहित के मुद्दे पर या भ्रष्टाचार पर विरोध प्रदर्शन तक देखने को नहीं मिला है ऐसे में कांग्रेस चारों पार्षद और नेता प्रतिपक्ष की कार्यप्रणाली पर शहर में सवाल खड़े हो रहे हैं।

### नहीं दिखी विपक्ष की भूमिका, तीन वर्षों से नहीं उठाया एक भी जनहित का मुद्दा

आपको बता दें की तीन वर्ष पूर्व हुए नगर पालिका चुनाव में आष्टा नगर पालिका के कुल 18 वार्डो में से कांग्रेस के महज 4 पार्षद चुनाव जीते थे। जिनमें वार्ड 3 से वर्तमान नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय, वार्ड 4 से वरिष्ठ कांग्रेस नेता हिफ़ुर्जरहमन भैया मियां, वार्ड 6 से मेहमूद अंसारी और वार्ड 11 से शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डु शामिल है वही वार्ड 8 से श्रीमती तस्कीन शेख रईस भी चुनाव जीतकर कांग्रेस में शामिल हो गई थी। ऐसे में आष्टा नगर पालिका में कांग्रेस पार्षदों की संख्या 5 पर पहुंच जाती है लेकिन जिस तरह से बीते तीन वर्षों से लगातार भाजपा की नगर पालिका में भ्रष्टाचार के एक से बड़े एक मामले सामने आ रहे है और शहर वासियों की मूलभूत समस्याएं सड़क, नाली, साफ- सफाई जैसे गंभीर मामलों पर कांग्रेस पार्षदों सहित नेताप्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय की आवाज तक नहीं निकलना कही न कही इन सभी पर गंभीर सवाल खड़े करता है ऐसे में नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार में इनके भी हिस्से फिक्स होने की चर्चा अब चोक चौराहों पर होने लगी है। जिससे शहर की पब्लिक का अब नेताओं से भरोसा उठता जा रहा है।

### जनता के रुपयों की बंदरबाट, विपक्ष ने भ्रष्टाचार पर साधी चुप्पी

आष्टा में भाजपा की नगर पालिका में बीते तीन वर्षों में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर कई योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाकर जनता के पेसो की बंदरबाट की है लेकिन आष्टा नगर पालिका में बैठे कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राजुकमार मालवीय जो आष्टा से विधानसभा चुनाव लड़कर विधायक बनने का सपना संजोय हुए और वर्षो से शहर कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर बैठे जाहिद खान गुड्डु सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता का दर्जा लिए घूमने वाले हिजुफुर्रहमान भैया मियां और महमूद अंसारी की इन 3 सालों में नगर पालिका के गंभीर संगीन भ्रष्टाचार के मामलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तो दूर की बात आवाज तक नहीं निकली है ऐसे में आष्टा नगर पालिका बिना विपक्ष के नजर आती है और इसका खामियाजा शहर की जनता भुगत रही है जिसके चलते अधिकारी और जनप्रतिनिधि बेखौफ होकर जनता के पैसे को लूटने में लगे हैं ।

### जल्द करेंगे धरना प्रदर्शनः नेता प्रतिपक्ष

नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार पर बीते तीन वर्षों से चुप्पी साधे बैठे नेता प्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय ने कहा की जल्द हम सभी कांग्रेस के पार्षद नागरिकों की समस्याओं के लिए मैदान में उतरेंगे और नगर पालिका में मचे भ्रष्टाचार के खिलाफ भी हल्ला बोल के धरना प्रदर्शन करने वाले है

### रक्तदान महादान- 35 यूनिट रक्त संग्रहित, कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी रहे शामिल



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर रेडक्रॉस सोसायटी एवं सिटी स्पोर्ट्स क्लब सीहोर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 35 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। यह शिविर थैलीसीमिया पीड़ति रोगियों की सहायता हेतु आयोजित किया गया था। शिविर में विधायक सुदेश राय, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, थाना कोतवाली टीआई रविन्द्र यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है, जिससे किसी ज़रूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विपुल चांडक ने सिटी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष अजय अग्रवाल और सभी सदस्यों एवं रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज की भलाई के लिए ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. एए कुरैशी, अजय अग्रवाल, दीपक शर्मा, अनिल राय, सौरभ झवर, भारत वारिया, भारत गुप्ता, अक्षत कासट, शैलेन्द्र राय, नितिन सोनी, प्रमोद राय, अभिषेक जैन, विक्रांत सोनी, राकेश गुप्ता एवं दिग्विजय सिंह का विशेष सहयोग रहा।


### इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग शॉर्ट गन चैंपियनशिप में उत्कर्ष दुबे ने जीता गोल्ड और सिल्वर मेडल



**आष्टा।** पटियाला में 3 से 10 अक्टूबर तक ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग शार्ट गन चैंपियनशिप वर्ग जूनियर में आष्टा थाना प्रभारी के पुत्र उत्कर्ष दुबे ने गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर अपने पिता और परिवार का नाम रोशन किया है।उत्कर्ष दुबे की इस उपलब्धि पर परिवार में हर्ष और खुशी का माहौल है आपको बता दे की उत्कर्ष दुबे के पिता गिरीश दुबे सीहोर जिले के पुलिस विभाग में आष्टा थाने में बतौर टीआई है इस दौरान टीआई गिरीश दुबे ने अपने बेटे की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए परिवार के लिए गौरव के पल बताए हैं और कहा कि यह सब उत्कर्ष की मेहनत और लगन का परिणाम है उत्कर्ष की उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत सहित आष्टा विधायक गोपाल इंजिनियर, एसडीओपी आकाश अमलकर सहित पत्रकार, जनप्रतिनिधियों ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उत्कर्ष के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जितना अधिक परिग्रह रहेगा व्यक्ति उतना ही ज्यादा त्रस्त रहेगाः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जो गृहस्थ है वह त्रस्त है, जितना परिग्रह रहेगा उतना ही अधिक त्रस्त रहेगा।पांच पाप है हिंसा,झूठ, अचौर्य, अब्रह्मचर्य एवं परिग्रह। त्याग की महिमा अपरम्पार है, इससे सानंद आएगा। अणुव्रत वाले ही व्रत अंगीकार करते हैं। अहिंसा व्रत वाले पांचों पाप से दूर रहता है। दिशाएं बांध लेवें कि इस दिशा में ही जाऊंगा,बाकि दिशाओं का त्याग करोगे तो पुण्य अर्जित होगा। पानी घी की तरह उपयोग करें, कभी भी जलसंकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। फालतू पानी नहीं ढोले। अहिंसा व्रत धर्म का पालन करें। नियम लोगे तभी त्याग का पुण्य अर्जित होगा।

जिसके पास अणुव्रत नहीं वह श्रावक भी नहीं है। अणुव्रत लेने या कुलाचार का पालन करने वाले एक प्रतिमा धारी बन जाते है। जिनवाणी को जहां से उठाया है, उसे वहीं पर व्यवस्थित विराजमान करें, उसमें चावल आदि न रह जाए,इस बात का ध्यान रखें। वैय्यावृति व्यापक है। जिनवाणी, भगवान एवं साधु-संतों की वैय्यावृति कर पुण्य अर्जित करें। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने रत्नकरण्डक श्रावकाचार ग्रंथ का स्वाध्याय कराते हुए कहीं।मंदिर पर ध्वजारोहण करने से ध्वज जैसा लहराएगा वैसी ही ध्वजारोहण करने वाले की व धर्म की यश कीर्ति होगी। मार्वल वाले पाटनी जहां भी जाते हैं वहां ध्वजारोहण की बोली अवश्य लेते हैं।झूठ नहीं बोले,झूठ बोलने वाले पर विश्वास नहीं करते हैं, संबंध कच्चे धागे की तरह नहीं हो।लोभ को मूर्छा बताया है।लोभ के कारण व्यक्ति अनादिकाल से प्राण गंवा रहा है।लोभ के वशीभूत किसी की धन संपत्ति हरण करना चोरी में आता है। पांचों पाप जेल जाने के समान है।

जो भी गलत कार्य की अनुमोदना करने वाले पाप आश्रव में आता है, सही काम करने की अनुमोदना करने से पुण्य अर्जित होगा। मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने संकल्प हिंसा का त्यागी श्रावक को कहा है।संकल्प हिंसा का त्यागी मोक्ष का हकदारी है। मंदिर में कभी भी गलत भाव नहीं बनाएं, पूजा अर्चना के दौरान बाहर के सभी विकल्पों को छोड़ देवें। पुण्य के कारण कर्म उदय में आकर कब निकल जाते हैं पता ही नहीं चलता है। बुरा करके अच्छा चाहते हैं तो यह संभव नहीं। धर्म कार्य में बांधा डालने वाले को पाप आश्रव होगा।अच्छे काम में बाधा नहीं डालें।जो बोओगे वहीं काटोगे। सम्यकचारित्र का स्वरूप पापों के आने के द्वार रुप हिंसा,झूठ, चोरी, मैथुन - सेवन और परिग्रह से विरक्त होना सम्यक ज्ञानी पुरुष का चारित्र है, अर्थात पांच पापों के परित्याग को सम्यक चारित्र कहते हैं ।

रागद्वेष की निवृत्ति से हिंसादि पापों की निवृत्ति स्वतः हो जाती है।इसका तात्पर्य यह है कि वर्तमान में जो रागादिक भाव चल रहे हैं उनका क्षयोपशमादि होने पर हिंसादि पापों का त्याग रुप चारित्र होता है।तदनन्तर आगामी काल में होने वाले रागादिक भावों की निवृत्ति भी इसी तरह आगे - आगे प्रकृष्ट से प्रकृष्टतर और प्रकृष्टतम होती जाती है। ऐसा होने से हिंसादि पाप स्वयं निवृत्त होते जाते हैं , छूटते जाते हैं।राग और द्वेष की निवृत्ति से हिंसा आदि पापों की निवृत्ति स्वतः हो जाती है।तब धन की अपेक्षा से रहित ऐसा कौन पुरुष है जो राजाओं की सेवा करता हो।हिंसादि पापों की निवृत्ति किये जाने पर ही राग-द्वेष की निवृत्ति होती है, क्योंकि राग -द्वेष की निवृत्ति के लिए ही चारित्र धारण करेगा। जिसे आजीविका रुप फल की अपेक्षा नहीं है क्या वह राजा की सेवा करता है।

## लीलाधर बने अखिल भारतीय खाती समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय,चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष का चुनाव दिनाँक 28-9-2025 को सम्पन्न हुआ,चुनाव में 2 उम्मीदवार श्री लीलाधर देथलिया शिक्षाविद एवं श्री सोमेश्वर पटेल,3 बार के मंडी अध्यक्ष इंदौर के बीच सीधा मुकाबला था।मतदान हेतु पूरे सामाजिक 13 जिलों में 29 मतदान केंद्र तहसीलवार बनाए गए, 6610 मतदाताओं में से 5935 द्वारा, मतदान किया गया,जिसमे लीलाधर देथलिया को 3881 मत व सोमेश्वर पटेल को 2040 मत प्राप्त हुए। ।मतदान प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे तक हुवा।मतगणना उपरांत 13 जिलों में हुए,मतदान के आंकड़े अनुसार लीलाधर देथलिया सोमेश्वर पटेल से। 1841 मतों के अंतर से विजय हुए। जिले से देथलिया को 90 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। लीलाधर देथलिया को उज्जैन मंदिर मुख्यालय पर,मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट मिश्रीलाल चौधरी ने विजय का प्रमाण पत्र सौंपा।श्री लीलाधर देथलिया के विजयी होने पर,वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम बागवाला, राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा,पूर्व केबिनेट मंत्री, प्रदेश काँग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधायक मनोज चौधरी,पूर्व विधायक गिरीराज मंडलोई, पूर्व विधायक जीतू जिराती, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व विधायक कुणाल चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट बी.एस. वर्मा,,युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन चौधरी,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य करणसिंह सेठी, लक्ष्मिनारायण वर्मा, महेन्द्र कुमार पटेल मानाखेड़ी, बनपसिंह पटेल मैना, रमेश पटेल कपूरी,बलराम पटेल, महेश जलोदिया, विष्णु जलोदिया, पूर्व अध्यक्ष सरदार पहलवान,माखन जी पटवारी,प्रकाश मुनीम, तेजसिंह जावरिया, शिवनारायण काका, राजेन्द्र वर्मा मैना, लालसिंह मुकाती आदि ने श्री देथलिया को बधाई दी है।

## मार्टिनेट विद्यालय के विद्यार्थियों ने बालरंग महोत्सव में जमकर जमाया रंग, संभाग स्तर पर प्राप्त किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




केवल किताबो द्वारा प्राप्त ज्ञान से ही विद्यार्थी के व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास संभव नहीं हैं। किताबी ज्ञान के साथ अन्य खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थी के व्यक्तित्व विकास के लिये अति आवश्यक है जो सामाजिक जीवन में व्यवहारिकता के लिये भी अनिवार्य है। इसी को ध्यान में रखते हुये प्रतिवर्ष लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा बालरंग महोत्सव सभी स्कूली छात्र-छात्राओं के लिये आयोजित किया जाता है। जिसमें विद्यार्थियों के लिये विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक तथा योग प्रतियोगितायें आयोजित की जाती हैं। नगर के अलीपुर में नोशे खान के संचालन एवं विनीत कुमार त्रिवेदी के प्रबंधन में संचालित मार्टिनेट कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल भी इसी सिद्धांत का परिपालन करता है और यहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जाता है। इसी बालरंग महोत्सव के अंतर्गत पहले मार्टिनेट विद्यालय में स्कूली स्तर पर लोकनृत्य प्रतियोगिता करवाकर श्रेष्ठ आदिवासी लोकनृत्य को चुना। विकास खण्ड स्तर पर विद्यालयो की प्रतिभागियों की लोकनृत्य की प्रतियोगिता शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित हुई इसमें भी मार्टिनेट के लोकनृत्य को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु चयन हुआ तत्पश्चात सीहोर के उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित जिला स्तर की प्रतियोगिता में भी इसी नृत्य को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और भोपाल में आयोजित संभाग स्तर की प्रतियोगिता के लिये इसे चुना गया। इस अवसर पर विद्यार्थियो के साथ शिक्षिका कु. प्राजंल गुठानिया, कु. मुस्कान वर्मा एवं श्रीमती रचना ठाकुर आयोजन में विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिये उपस्थत रहीं तथा प्रतिभागी विद्यार्थी कु. कृतिका मेवाड़ा, इशिका प्रजापति, माही शर्मा, निष्ठा गुठानिया, खुशी चौहान, दिशा जैन, दीक्षा बामनिया, अश्विनी तिवारी, मुकुल बागवान, नैतिक मेवाड़ा, आरनव मेवाड़ा तथा सोहम मेवाड़ा ने इस लोकनृत्य में भाग लिया तथा इन्हें संगत देने के लिये प्रांजल गुठानिया, आदर्श राठौर, राधिका वर्मा, प्रतिज्ञा मेवाड़ा तथा रोशन दुबे की उपस्थिति रही। जब परिणाम घोषित हुआ तो इन सभी बच्चो के चेहरे खुशी से चमक उठे अब प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में इसी श्रेणी में भाग लेने के लिये इस लोकनृत्य को भेजा जायेगा। प्रदेश स्तर पर अब यह प्रतियोगिता 13 अक्टूबर को नर्मदापुरम में आयोजित होगी जिसमें प्रदेश भर के चयनित प्रतियोगी भाग लेने पहुचेंगे। विद्यार्थियों की इस सफलता पर मार्टिनेट विद्यालय के संचालक नोशे खान, प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी, प्राचार्या प्रीति त्रिवेदी, अकेडमिक इंचार्ज अतुल जैन सुराणा, शिखा तिवारी वित्तिय प्रबंधक रेखा शर्मा, कम्प्यूटर प्रबंधक कुशल भूतिया तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं नें विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित करते हुये आगामी प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता के लिये शुभकामनायें व्यक्त की।

जावर खंड के डोडी मंडल में मनाया गया संघ का शताब्दी वर्ष

## स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ताओं ने निकाला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जावर खण्ड के डोडी मण्डल मे संघ शताब्दी वर्ष संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर ग्राम के मुख्य मार्गो से होते हुए पथ संचलन निकला। संघ के यह 100 वर्ष प्रत्येक स्वयंसेवक के त्याग परिश्रम सनुशासन से युक्त है। प्रत्येक स्वयंसेवक के कार्य कुशलता के आधार पर संघ आज अपने 100 वर्ष पूर्ण कर पाया है मुख्य वक्ता सीहोर जिला प्रचारक ने संघ की 100 वर्षो की यात्रा कीस प्रकार पूर्ण हुई है संघ का कार्य किस प्रकार समाज परिवर्तन की दिशा मे कार्य कर रहा है।

भारत से प्रेरणा आज पूरा विश्व पा रहा है पंच परिवर्तन- सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी जीवन शैली, नागरिक कर्तव्य, आज समाज के हर क्षेत्र संघ के कई प्रकार के विविध संगठन समाज परिवर्तन के कार्य मे लगे है.जैसे विषयो पर स्वयंसेवकों के बीच में रखा।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियानः पशुपालकों से चिकित्सा परिषद ने की चर्चा, पशु पोषण स्वास्थ्य और टीकाकरण पर किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शनिवार को दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तहत भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उमेश शर्मा आष्टा के ग्राम जताखेड़ा, कासमपुरा में धनगर डेयरी फार्म, बफ़ापुर और रूपेटा के पशुपालकों से संवाद किया गया।

इसमें डॉ उमेश सर द्वारा पशु पालकों से पशुओं के नस्ल सुधार, पशु पोषण स्वास्थ्य एवं टीकाकरण पर संवाद किया गया और पशु पलकों से पशुओं से होने वाली आय पर भी चर्चा की गई और आय को बढ़ावा देने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। वैज्ञानिक पद्धति से काम करने एवं लाभ अधिक प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया। डॉ उमेश शर्मा सर के भ्रमण के दौरान आष्टा विकासखंड के डॉ. विनोद शुक्ला सर, डॉ. उदय सिंह महेश्वरी, डॉ दीप्ति कोटस्थाने और पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी दुर्गा काठेरिया, यू एस राजपूत, लालू प्रसाद और शुभम कर्ण उपस्थित रहे।